### एक नजर में

## राजभाषा सशक्तिकरण की दिशा में पहल

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा क्षेत्र में राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाने हेतु राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के मार्गदर्शन एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय एम. मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुई। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय, कार्यशालाओं एवं खदानों से कुल 19 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को राजभाषा अधिनियम-1963, राजभाषा नियम-1976 एवं राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 से संबंधित आवश्यक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी कर्मचारियों को अपने-अपने विभागों में राजभाषा के शत-प्रतिशत अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजभाषा मासिक एवं त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि संपूर्ण क्षेत्र की समेकित रिपोर्ट समय पर मुख्यालय को प्रेषित की जा सके। यह कार्यशाला न केवल राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग को भी नई दिशा प्रदान करने वाली रही।

## कथा आत्ममंथन के लिए है : पंडित शर्मा

**बैतूल।** महापुरुष केवल पूजने के लिए नहीं बल्कि प्रेरणा लेने के लिए हैं। अच्छा बनने के लिए हमेशा किए हुए प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता है। जीवन में छोटो को देखकर जियो, बड़ों को देखकर उनका आचरण आत्मसात करो और बुरे समय के लिए सदैव तैयार रहो। क्योंकि कोई भी कभी भी मुंह मोड़ सकता है। यह बात पंडित सुखदेव शर्मा ने संजय गुप्ता के निवास मलाजपुर में चल रहीं संगीतमय भागवत कथा के दौरान चौथे दिन कही। पंडित शर्मा ने कहा कि हम भाग्यशाली जो भारतवासी है। भारत धर्म भूमि है। यहां शक्ति और भक्ति दोनो हैं। यह विश्वास और प्रकाश है यहां गंगा, मां दुर्गा है। पृथ्वी का स्वर्ग भारत देश है अन्य देश भोग भूमि है जो भोग प्रधान है और भारत भक्ति प्रधान देश है, इसलिए जितने भगवान के अवतार हैं भारत भूमि में हुए हैं। यहां श्री राम, श्री कृष्ण आदि भगवान के सामने झुकने से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। झुकने से रावण और दुर्योधन नहीं माने तो भगवान ने वानर और पांडव को माध्यम बनाया और धर्म की स्थापना की। कथा केवल मनोरंजन के लिए नहीं है यह आत्म चिंतन और आत्म मंथन के लिए है। कथा पर 2 अप्रैल को पूर्णाहुति और महाप्रसादी के साथ कथा पर विराम लगेगा। आयोजक गुप्ता परिवार ने सभी से कथा लाभ लेने का आग्रह किया है।

## राजू सोनकपुरिया एल्डरमैन नियुक्त

**बैतूल।** सरकार ने नगरीय निकायों (नगर पालिका और नगर परिषद) में भाजपा नेताओं को एल्डरमैन नियुक्त किया है। जिसमें वे निकायों की बैठक में शामिल होकर चर्चा में भाग ले सकते हैं। बैतूल नगर पालिका में 6 एल्डरमैन नियुक्त किए हैं जिसमें राजू सोनकपुरिया का भी एल्डरमैन बनाया गया है। श्री सोनकपुरिया की नियुक्ति पर सेन समाज ने उनको शाल-श्रीफल भेंट कर और मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया।

# कहीं कचरा घर बने कुंए, तो कहीं उपेक्षित पड़े, खत्म हो रहा अस्तित्व

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 30 मार्च. शहर के कुंए अनदेखी से अस्तित्व खोते जा रहे है। यदि इन कुंओं को पुनर्जीवित किया जाये तो यह कुंए आधे से अधिक शहर को पेयजल सप्लाई में सार्थक साबित हो सकते है।**

**पेयजल के प्रमुख स्त्रोत रहे कुंए अनदेखी का शिकार**

**नगरपालिका नहीं दे रही कुंओं को संवारने ध्यान**

लेकिन नगरपालिका की कुंओं के प्रति अनदेखी से कुंए अब कुड़ेदान में तब्दील होते जा रहे है। खासबात यह है कि प्रदेश सरकार जहां जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ बैतूल शहर में इस अभियान का असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। कभी शहर के पेयजल के प्रमुख स्त्रोत रहे सार्वजनिक कुएं कचरा फेंकने की जगह बन गए हैं। यदि समय रहते इनकी सुध नहीं ली गई तो आने वाले समय में ये जल स्त्रोत पूरी तरह समाप्त हो सकते हैं। गंज स्थित मंडी क्षेत्र में लगभग 70 वर्ष पुराना कुएं में झाड़ियां उग आई हैं। देखरेख नहीं होने से इसकी स्थिति खराब हो गई है। हाल ही में सफाई के बाद इसमें थोड़ा पानी तो दिखाई दे रहा है, लेकिन लगातार कचरा फेंके जाने से इसका पानी उपयोग के योग्य नहीं रह गया है। यहीं स्थिति पुलिस लाइन स्थित यातायात पार्क के भीतर बना कुएं की भी है। कुएं की मुंडेर पर झाड़ियां उग आई हैं। इसकी सफाई नहीं होने से यह अनुपयोगी है। जलस्तर समाप्त होने के बाद भी इसे रिचार्ज संरचना के रूप में विकसित



करने प्रयास नहीं किए गए हैं। ऐसे शहर में अनेक कुएं जो नपा की अनदेखी की वजह से अपना अस्तित्व खोते जा रहे है।

**अभियान के दौरान हो रही अनदेखी :** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 30 जून तक जल स्त्रोतों की सफाई, मरम्मत और नवीनीकरण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने भी जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जल गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा है। इसके बावजूद शहर के इन पुराने जल स्त्रोतों की अनदेखी कई सवाल खड़े कर रही है। शहरवासियों का मानना है कि यदि इन कुओं का नियमित रखरखाव किया जाए और वर्षा जल संचयन व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए तो यह भूजल स्तर बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासन इन कुओं की नियमित सफाई और संरक्षण सुनिश्चित करे, ताकि जल संरक्षण अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके।

> जल संवर्धन अभियान को शुरू अभियान के तहत शहर में मौजूद जलसंरचनाओं, तालाबों, कुओं की मरम्मत और साफ-सफाई का काम कराया जाएगा। हमने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी है।
>
> **- धीरेंद्र राठौर, जलशाखा प्रभारी, नगरपालिका बैतूल**

### जलस्तर में गिरावट से पहले ही दम तोड़ चुके

भू-जल स्तर में लगातार गिरावट के कारण शहर के अधिकांश कुएं पहले ही सूख चुके थे। करीब छह वर्ष पूर्व नगरपालिका द्वारा इनके जीर्णोद्धार की पहल शुरू की थी। इसके तहत शहर में निजी और शासकीय मिलाकर लगभग 50 से अधिक कुओं का सर्वे सार्वजनिक कुओं की सफाई, मरम्मत, रंग-रोगन और सुरक्षा के लिए मुंडेर का निर्माण भी कराया गया था। साथ ही वर्षा जल संचयन प्रणाली से जोड़कर इनका जलस्तर बढ़ाने का प्रयास भी किया गया था। हालांकि प्रारंभिक कार्यों के बाद इनके रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण यह कुंए अब बदहाल हो चुके है। कहीं-कहीं कुंओं में कचरा पड़ा है, तो कहीं कुंओं की मुंडेर पर झाड़ियां उग आई है। यदि इनकी मरम्मत कर रिचार्ज सिस्टम से जोड़ा जाता है तो यह जलसंरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन नपा अधिकारी इन ओर ध्यान नहीं दे रहे है। यह जरूर है कि कुछ अभियान के अंतर्गत इनकी सफाई की जाती है, लेकिन एक बार सफाई के बाद फिर इन्हें अनदेखा कर दिया जाता है।

### बदहाल स्थिति में पड़े आधा सैकड़ा से अधिक कुंए

शहर में करीब आधा सैकड़ा कुएं हैं जो बदहाल स्थिति में पड़े हुए हैं। यदि इनकी मरम्मत कर रिचार्ज सिस्टम से जोड़ा जाता है तो यह जलसंरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन नपा अधिकारी इन ओर ध्यान नहीं दे रहे है। यह जरूर है कि कुछ अभियान के अंतर्गत इनकी सफाई की जाती है, लेकिन एक बार सफाई के बाद फिर इन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप लोग इनमें कचरा डालना शुरू कर देते है। जिससे इन कुंओं में पानी होने के बाद भी उपयोगी साबित नहीं हो पाते है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि कुंओं की सफाई कर इनके पानी को पीने योग्य बनाया जाये तो गर्मी के दिनों में यह कुंए आधे शहर में पानी सप्लाई करने में सार्थक साबित हो सकते है।

## पुलिस की कार्रवाई, 6 जुआरी गिरफ्तार, 11,510 रुपए जब्त

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 30 मार्च. जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गंज थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11,510 रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं।**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हमलापुर क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे के पास छिंद के पेड़ के नीचे कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और सभी छह आरोपियों को रंगे हाथों पकड़



लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित सेन (25), अशोक ठाकुर (40), बबलू सूर्यवंशी (20), हैदर शेख (30), शाहिद शेख (35) और राजकुमार प्रजापति (45) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 52 ताश के पत्ते और 11,510 रुपए नकद जब्त किए हैं। सभी छह आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में की गई। इस टीम में थाना प्रभारी नीरज पाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## सिलेंडर एवं बिजली दरों में बढ़ोतरी, सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** गैस सिलेंडर एवं बिजली की दरो अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध में सोमवार को तहसील मुख्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय बरैया को सौपा। कांग्रेसियों द्वारा सौपे ज्ञापन मे बताया वर्तमान समय में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आम जन मंहगाई की मार से पहले ही प्रभावित है। ऊपर से मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि कर दी वहीं राज्य की भाजपा



सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर के जनता का जीना कठिन कर दिया है। वहीं पेट्रोल डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आम जन परेशान है। कांग्रेसियों ने देश में व्याप्त डीजल पेट्रोल एवं अन्य समस्याओ को तत्काल संज्ञान में लेकर जनहित में समाधान करने की मांग की है ।ज्ञापन देने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, किशोर परिहार, नितेश साहू, सुमित शिवहरे, जीवन डोंगरदिए, आशीष सोनी, शेख जाकिर, लोकेश यादव, महावीर परिहार सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## वाटर कूलर का कांप्रेशर फटने से मकान में लगी आग

**मुलताई।** नगर के भगतसिंह वार्ड गढ़ेकर कम्पॉऊड मे स्थित मकान मे किराए से निवास कर रहे एक किराएदार के मकान मे रखा वाटर कूलर सोमवार की सुबह करीब 10.25 बजे अचानक फट गया। नगरपालिका की दमकल टीम को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एवं आग भुजाई गई फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया भगतसिंह वार्ड में डॉ. रामदास गढेकर के मकान में किराए से रह रहे वीरेंद्र वर्मा के किचन में लगे वाटर कूलर का कांप्रेशर फटने से किचन मे रखी घरेलू सामग्री आग की चपटे मे आ गई। वहीं किचन में



रखा घरेलू गैस सिलेंडर का मेन वाल भी चालू कंडीशन मे मिलने से फायर टीम द्वारा सूझ बुझ से मेन वाल बंद करके बाहर निकाल कर पानी के पेशर से ठंडा किया गया। नही तो बडा हादसा हो सकता था। आग बुझाने मे दमकर्मी की सराहनीय भूमिका रही।

## शोभायात्रा निकालकर मनाई महावीर जयंती

**मुलताई।** पवित्र नगरी मे सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा सोमवार को महावीर जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकालकर जैन मंदिर मे जयंती मनाई गई। इस दौरान भगवान महावीर की प्रतिमा को पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया ।शोभायात्रा जैन मंदिर से निकलकर थाना रोड से होते हुए बसस्टैंड से वापस मुख्य मार्ग से होते हुए जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया। जैन मंदिर परिसर मे सोने-चांदी के कलश से भगवान का जलाभिषेक किया गया और मंदिर में ध्वज लगाया गया ।गौरतलब है जैन धर्म के 24वें



तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती चैत्र मास की शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को मनाई जाती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि महावीर स्वामी ने 12 वर्षों का कठोर तप कर अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त की थी ।भगवान महावीर ने विश्व को पंचशील का सिद्धांत दिया, जिसमें सत्य, अहिंसा, अचौर्य (चोरी न करना), अपरिग्रह (वस्तुओं के प्रति आसक्ति न रखना) और ब्रह्मचर्य का पालन शामिल है। इन सिद्धांतों को अपनाकर मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर जॉन मंदिर परिसर मे पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## एसपी से मिलकर भाजपा नेताओं ने रखी निष्पक्ष जांच की मांग

**बैतूल।** ग्राम खेडीरामोसी में विगत दिनो हुए व्यक्तिगत मामले को कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रंग देने की कोशीश की जा रही है जिसको लेकर भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षण वीरेन्द्र जैन से मिलकर मामले की निष्पक्ष जॉच करने की बात करते हुए दोषियों पर कडी कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने बताया कि पिछले दिनो चंद्रकला पति नामदेव मगरदे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से ग्राम खेडीरामोसी की कृषि भूमि संतोष पिता गिरधारी पंवार से क्रय की गई है। वहीं संतोष पंवार द्वारा उक्त भूमि फूला बाई मेहरा पिता भूनी मेहरा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा खरीदी गई थी। उसी भूमि का विधिवत सीमांकन कराने के दौरान जो हिंसा हुई उसकी सुक्ष्मता से जॉच कर जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही करते हुए निर्दोषो को मामले से दूर रखने की बात कही वहीं आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि उक्त भूमि का मामले पूरी तरह से व्यक्तिगत है जो घटना हुई उसमें भाजपा का कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल नही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जित्तू पटवारी, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निलय डागा सस्ती लोकप्रियता के लिए झूठ बोलकर समाज को भ्रमित करने का काम कर रहे है।

## निर्माणाधीन मकान से वायर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई।** निर्माणाधीन मकान से वायर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 28 मार्च को दुनावा पुलिस चौकी में आवेदिका श्रीमती चमेली बाई पति जीएस रघुवंशी निवासी कालापाठा बैतूल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उनके निर्माणाधीन मकान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हेवेल्स कंपनी के बिजली वायर के 28 बंडल (कीमती लगभग 98,000/- रुपये) चोरी कर लिए गए हैं। आवेदन की जांच के दौरान उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज, खरीदी बिल एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(3), 305(ए) भारतीय न्याय



संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में 22 मार्च को दो व्यक्ति स्कूटी से आकर मकान का ताला तोड़कर वायर चोरी करते हुए दिखाई दिए। आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मुलताई नरेंद्र सिंह परिहार द्वारा विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नितिन विश्वकर्मा पिता दिलीप विश्वकर्मा, उम्र 38 वर्ष, निवासी भारत भारती, थाना कोतवाली बैतूल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। एक अन्य आरोपी सूरज उर्फ एलियन भावसार फरार है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। आरोपी से चोरी गए 28 मंडलों में से 26 केबल वायर के बंडल जप्त किए गए हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार, चौकी प्रभारी दुनावा नेपाल सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक सुनील पांड्रम, आरक्षक अभिषेक वाडीवा एवं आरक्षक नरेश तुमराम, आरक्षक सोनू भारती, सैनिक विजय रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में वृद्धि और पेट्रोल-डीजल की कमी सहित आदिवासी वर्ग पर हो रहे अत्याचार के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की आम जनता वर्तमान में गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। बढ़ती महंगाई, मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन कर यह ज्ञापन सौंपा। जिसमें रसोई गैस की बढ़ती कीमतों का विरोध करते हुए कहा कि सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि से गरीब वर्ग का बजट बिगड़ गया है।


खंड ।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण बैतूल (सा.) वनमण्डल (म.प्र.)**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/1767/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 24.03.2026

1. वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा०) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी वन विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

| क्र. | सामग्री/कार्य का नाम | अनमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01 | DESKTOP&PC (HP/Lenovo/Dell)<br>• 13th Generation Intel® Core™ i5 Processors or 17 (Turboboost up to 4-6GHz)<br>• Memory: 8 GB DDR4 EXtended Up to 16 GB<br>• Storage: 512 GB SSD (Upgradable up to ITB)<br>• Graphics: Intel UHD Graphics:<br>• Connectivity: Inbuilt Wi-Fi 6E and Bluetooth v5-3<br>• Keyboard & mouse Wireless<br>• Display 22 inch FHD. (Monitor)<br>• Software- Windows 11 Pro.<br>• Ms office-2021 or Above<br>• Warranty 1 year<br>• Antivirus<br>• UPS (V-Guard/Luminous 600 VZ-PRO 230 V) | आवश्यकता अनुसार | 12000/- | 1,000/- |

2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 30.03.2026 दोपहर 2:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।

3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के विवरण रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 30.03.2026 | 02:00 PM | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 30.03.2026 | 03:00 PM | |
| 3 | Bid Submission Start Date | 01.04.2026 | 11:00 AM | |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 13.04.2026 | 05:00 PM | |
| 5 | Bid Opening Date | 15.04.2026 | 01:00 PM | |

4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केबल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्य दिवस पर जावेगी।
6. प्रकिया-1 निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/- (पांच सौ रूपये) है इसे ऑनलाईन जमा किया जाना है। जमा की रसीद को निविदा के साथ अपलोड करना है।
7. प्रक्रिया 2 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित अपलोड किये गये दस्तावेज देखा जायेगा।
8. प्रकिया-3 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना होगा।
9. प्रकिया-4 वित्तीय निविदा ओपन किये जाने पश्चात् एवं L-1 निविदाकार को सामग्री प्रदाय हेतु चयनित किया जावेगा।
10. ई-खरीद पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी

दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल

G-27997/25


**आस्था** | चमत्कारिक संत श्री श्री 1008 त्रिवेणी भारती नागा दादा, एक ही लाठी से होता है हर मर्ज का इलाज

## चमत्कारिक संत नागा दादा की समाधि पर लगता है श्रद्धालुओं का तांता

**भैंसदेही।** चमत्कारिक संत श्री श्री 1008 त्रिवेणी भारती नागा दादा, जिन्होंने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र भैंसदेही में मां पूर्णा के तट पर धुनी रमायी, साधना की जनसामान्य के दु:खो को दुर किया और निश्चित समय पर युवा अवस्था में ही अपनी देह का त्याग कर दिया, तभी से जिस स्थान पर संत नागा दादा ने प्राण त्यागे उस स्थान पर उनकी समाधि है और नागा दादा के हाथ से जलायी गयी धूनी, सतत जल रही हैं। इस स्थान का नाम नागझिरी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज से लगभग 100वर्ष पूर्व जब विकास के नाम पर कच्ची सड़कों और घने जंगल के अलावा सिर्फ अभाव ही, इस पिछड़े क्षेत्र की पहचान थी, उस समय संत श्री त्रिवेणी भारती नागा दादा का आगमन इस क्षेत्र में हुआ और धीरे धीरे उनकी ख्याति क्षेत्र में फैलनी लगी ऐसा नगर के वृद्ध जन बताते हैं, हालांकि वर्तमान में उस समय का कोई भी व्यक्ति जिवित नहीं है लेकिन क्षेत्र के जिन परिवारों पर संत श्री नागा दादा की असीम कृपा रही है और उनके बुजुर्गों को नागा दादा का सानिध्य प्राप्त हुआ है वे परिवार आज भी नागा दादा में अपार आस्था रखते हैं साथ ही उनके चमत्कारिक किस्सों को कहते नहीं थकते हैं, ग्राम नवापुर के उस समय के माल गुजार स्व .कृष्ण राव देशमुख का परिवार, नगर का तिवारी परिवार, ग्राम बरहापुर का कावडकर परिवार, चिचोली ढाना के मोहने और झाड़े परिवार सहित क्षेत्र के खामला, कोथलकुंड,झीरी आदि गांवों में



अब भी नागा दादा का सानिध्य प्राप्त परिवार के सदस्य मौजूद हैं। वर्तमान में पं श्याम नारायण तिवारी, प्रकाश आमलेकर, श्रवण महाले,, बाबा साहब देशमुख, त्रिवेणी भारती नागा दादा के चमत्कारों के संबंध में बताते हैं कि संत श्री अजान बाहु थे(जिनके हाथ घुटनों से नीचे हो) और नंगे बदन लंगोट लगाये हाथ में चिमटा लाठी लिये क्षेत्र में भ्रमण करते और जन मानस का दु:ख दूर किया करते थे। इन बुजुर्गों के बताये अनुसार नागा दादा ने 32वर्ष की युवा अवस्था में ही अपनी देह इसी दिन चैत्र सुदी तेरस को त्याग दी थी,आम हो या खास सभी के मर्ज का इलाज नागा दादा अपनी लाठी से कर दिया करते थे, असाध्य रोग हो , कोर्ट कचहरी के मामले हो ,या निसंतान दंपति की समस्या नागा दादा की लाठी और धुनी की भस्म के चमत्कार के सैंकड़ों प्रमाण क्षेत्र में मौजूद है,जिनकी मनोकामनाओं की पूर्ति नागा दादा ने की है, संत श्री के नाम के विषय में कहा जाता है कि संतों की जमात में नागा दादा ब्रज भूमि वृंदावन से चले हैं और मां। पूर्णा के तट पर साधना और जनकल्याण करते हुए नागझिरी में समाधिस्थ हुए है, मां रेवा, सूर्य पुत्री ताप्ती और मां पूर्णा जैसी पवित्र और पौराणिक महत्व रखने वाली नदियों की परिक्रमा कर मां पूर्णा के आंचल में नागा दादा ने अपनी जीवन लीला समाप्त की तभी से संत श्री को त्रिवेणी भारती नागा दादा के नाम से पुकारा जाने लगा। हिन्दूओ के साथ साथ तत्कालीन मुस्लिम परिवार भी नागा दादा के मुरिद रहे हैं ,जिनकी मुरादें संत श्री ने पूरी की है,लाचार और गरिबों पर नागा दादा की विशेष कृपा रही है, जिसके प्रमाण नगर के कदीर टेलर का परिवार है,जिसे नागा दादा ने एक डिब्बा दिया था ,जिसे खोलते ही हमेशा 10 की नोट मिलती थी.